पीलीभीत पुलिस

दिनांक 29.03.2025

# <u>प्रेस नोट</u>

## <u>थाना घुंघचाई</u>

## थाना घुंघचाई पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए *<u>वादी के पुत्र व 02 अन्य अभियुक्तों</u>* से चोरी के माल की शत प्रतिशत बरामदगी (नगदी 21600 रुपये व आभूषण कीमत लगभग 4,80,000 रुपये) करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद पीलीभीत के कुशल निर्देशन में दिनांक 01.03.2025 को थाना घुंघचाई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2025 धारा 305 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगणों की तलाश व गिरफ्तारी के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर वादी के घर से आभूषण व नगदी चोरी करने वाले **वादी के पुत्र व 02 अभियुक्तगण 1-संजय कुमार वर्मा पुत्र रामौतार वर्मा नि0 चंदौखा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत 2- सर्वेश कुमार वर्मा पुत्र रामखिलावन वर्मा नि0 मो0 कायस्थान कस्वा व थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत एवं वादी के पुत्र अनुज कुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम सिमरिया ता0 अजीतपुर बिल्हा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत** से चोरी गये शत प्रतिशत माल नगदी 21600 रुपये व जेवरात जिनकी अनुमानित कीमत 4,80,000 रुपये सहित **गिरफ्तार** किया गया। अभियुक्तगणों को अग्रिम कार्यवाही हेतु मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। **<u>वादी के पुत्र अनुज कुमार उपरोक्त की आयु निर्धारण के सम्बन्ध में अलग से विधिक कार्यवाही की जा रही है।</u>**

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>**

दिनांक 23.02.2025 को वादी श्री कृष्णपाल पुत्र रामकुमार नि.ग्रा0 सिमरिया ता० अजीतपुर विल्हा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत के बन्द मकान में समय करीब 14.00 बजे पड़ोस में रह रहे रामतोष पुत्र गेंदन लाल व उसके अन्य साथी वीरपाल पुत्र श्यामाचरन नि.ग्रा0 सिमरिया ता० अजीतपुर विल्हा थाना घुँघचाई जनपद पीलीभीत द्वारा घर में घुसकर घर में रखे आभूषण व नकदी चोरी करने के

सम्बन्ध में थाना घुंघचाई पर दिनांक 01.03.2025 को मु0अ0सं0 23/2025 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत कराया था।

**उपरोक्त चोरी की घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमें एसओजी, सर्विलांस टीम तथा थाना घुंघचाई पुलिस को आवश्यक निर्देश दिये गये,** टीमों द्वारा धरातलीय सूचनाओं व इलेक्ट्रानक साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तगण **1-संजय कुमार वर्मा पुत्र रामौतार वर्मा नि0 चंदौखा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत 2-सर्वेश कुमार वर्मा पुत्र रामखिलावन वर्मा नि0 मो0 कायस्थान कस्वा व थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में अपने साथ **वादी के पुत्र अनुज कुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम सिमरिया ता0 अजीतपुर बिल्हा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत को भी सम्मिलित होना बताया।**

पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त संजय कुमार वर्मा के कव्जे से 8100 नकद, एक हार पीली धातु, एक कमर विच्छू सफेद धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, वादी के पुत्र अनुज के कब्जे से 7000 रूपये नकद, एक हार पीली धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, एक कमर विच्छू सफेद धातु व अभियुक्त सर्वेश कुमार के कब्जे से 6500 रूपये नगद, एक अंगूठी पीली धातु, दो टीका मांग पीली धातु, एक जोड़ी झुमकी पीली धातु, एक जोड़ी झाले पीली धातु बरामद कर अभियुक्तगण के विरुद्ध साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>पूछताछ का विवरणः-</u>**

वादी के पुत्र अनुज कुमार द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वह तीन भाई हैं। उसके पिता द्वारा उसके बड़े भाई की शादी हेतु आभूषण खरीदा था। उक्त जेवर में से वादी के पुत्र अनुज द्वारा एक अंगूठी अपने पिता श्री कृष्णपाल/वादी मुकदमा से मांगी गयी थी तो वादी मुकमदा द्वारा डांट कर मना कर दिया गया। जिससे क्षुब्ध होकर अनुज उपरोक्त द्वारा अपने साथी/अभियुक्त संजय कुमार वर्मा व सर्वेश कुमार वर्मा के साथ मिलकर अपने घर में रखे आभूषण व रुपयो की चोरी कर ली, दोनों अभियुक्तों द्वारा भी पूछताछ में घटना कारित करना स्वीकार किया गया । अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता -</u>**

1-संजय कुमार वर्मा पुत्र रामौतार वर्मा नि0 चंदौखा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत

2- सर्वेश कुमार वर्मा पुत्र रामखिलावन वर्मा नि0 मो0 कायस्थान कस्वा व थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत

**(वादी का पुत्र)** अनुज कुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम सिमरिया ता0 अजीतपुर बिल्हा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत

**अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरण-**

1-दो हार पीली धातु, 2-दो कमर विछुआ सफेद धातु, 3-दो जोड़ी पायल सफेद धातु

4-एक अंगूठी पीली धातु, 5-दो टीका मांग पीली धातु, 6-एक जोड़ी झुमकी पीली धातु, 7-एक जोड़ी झाले पीली धातु,

**(कुल बरामदगी - 21600 रूपये नगद व करीब 4,80,000 के जेवरात)**

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण-**

1-प्र0नि0 श्री प्रकाश सिंह

2-उ0नि0 श्री विजयवीर सिंह

3-उ0नि0 श्री राकेश कुमार

4-उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र

5-का0 डव्वू बैसोया

6-का0 शोभित कुमार

7-म0का0 सरिता सिंह